nystateofhealth
The Official Health Plan Marketplace

तेज़ तथ्य

नामांकन अवधि

साल का वह समय जब आप किसी हेल्थ प्लान के लिए नामांकन कर सकते हैं, उस हेल्थ प्लान के प्रकार पर निर्भर करता है जिसके लिए आपपात्र हैं।

आपको NY State of Health के माध्यम से किसी हेल्थ प्लान में नामांकन क्यों कराना चाहिए?

स्वास्थ्य बीमा में नामांकन करने के कई कारण हैं और NY State of Health व्यापक, कम लागत वाला कवरेज खरीदना और इसमें नामांकन करना आसान बनाता है। इसमें कई हेल्थ प्लान्स है चुनने के लिए। आप किसी प्रशिक्षित सहायताकर्मी से मदद प्राप्त कर सकते हैं। और, आप निशुल्क कवरेज हेतु या आपकी कवरेज के भुगतान में मदद के लिए क्वालिफाई कर सकते हैं।

NY State of Health किस तरह के प्लान ऑफर करता है?

NY State of Health वह जगह है जहां **Medicaid, Child Health Plus, इसेंशल प्लान,** और **क्वालिफाइड हेल्थ प्लान की खरीदारी और उसमें नामांकन करा सकते हैं।**

मैं नामांकन कब कर सकता/सकती हूँ?

आप कब नामांकन कर सकते हैं यह निर्भर करता है कि आप किस प्रोग्राम के लिए पात्र हैं, जो कि आयु, आय और अन्य कारकों पर आधारित होता है। यदि आप इनके लिए पात्र हैं तो नामांकन साल भर खुला रहता है:

- **Meidcaid**
- **Child Health Plus**
- **इसेंशल प्लान**

आप किसी क्वालिफाइड हेल्थ प्लान में सालाना खुली नामांकन अवधि, या फिर किसी विशेष नामांकन अवधि के दौरान नामांकन कर सकते हैं, बशर्ते आप पात्र हों।

अमेरिकी इंडियन और अलास्का के मूल निवासी किसी NY State of Health प्रोग्राम के लिए साल के दौरान कभी भी नामांकन कर सकते हैं।

खुली नामांकन अवधि क्या है?

खुली नामांकन अवधि साल का एक सीमित समय होता है – आमतौर पर नवम्बर से जनवरी तक – जब आप किसी क्वालिफाइड हेल्थ प्लान में नामांकन कर सकते हैं। यदि आप इन महीनों के दौरान नामांकन नहीं करते हैं, तो आपको अगली खुली नामांकन अवधि तक के लिए इंतजार करना होगा। इसके कुछ अपवाद हैं। आप किसी क्वालिफाइड हेल्थ प्लान में सालाना खुली नामांकन अवधि के बाद भी नामांकन करने योग्य हो सकते हैं बशर्ते आप विशेष नामांकन अवधि के लिए पात्र हों।

यहां पर ऑनलाइन
nystateofhealth.ny.gov

फ़ोन पर
1-855-355-5777

TTY
1-800-662-1220

किसी व्यक्तिगत सहायताकर्मी से मुलाकात करें

अधिक जानकारी >

nystateofhealth
The Official Health Plan Marketplace

विशेष नामांकन अवधि क्या है?

एक विशेष नामांकन अवधि तब है जब किसी का विशेष लाइफ इवेंट होता है (जिसे "क्वालिफाइंग लाइफ इवेंट" कहा जाता है) जो उनके लिए नामांकन करना या खुली नामांकन अवधि के बाद भी एक क्वालिफाइड हेल्थ प्लान के माध्यम से कवरेज बदलना संभव बनाता है।

कौन से क्वालिफाइंग लाइफ इवेंट्स किसी को एक विशेष नामांकन अवधि के लिए पात्र बना सकते है?

क्वालिफाइंग लाइफ इवेंट्स में शामिल हैं:

- स्वास्थ्य बीमा का अमान्य होना (इसके अलावा अन्य कारणों से कि आपने अपने प्रीमियम का भुगतान नहीं किया)
- न्यूयॉर्क राज्य में स्थायी रूप से स्थानांतरित होना या राज्य के भीतर स्थान-परिवर्तन करना, जिस से नए हेल्थ प्लान्स
- आपके लिए उपलब्ध हो जाते है
- शादी या घरेलू पार्टनरशिप
- तलाक या कानूनी अलगाव
- किसी हेल्थकेयर प्रैक्टिशनर द्वारा प्रमाणित गर्भावस्था
- किसी बच्चे का जन्म या उसे गोद लेना, अथवा बच्चे को फोस्टर केयर में रखना
- अपनी क्वालिफाइड हेल्थ प्लान कवरेज के लिए पात्र या अपात्र होना
- नागरिक, राष्ट्रीय या कानूनी तौर पर मौजूद व्यक्ति बनना

आमतौर पर, आपको किसी क्वालिफाइंग लाइफ इवेंट 60 दिनों के भीतर **NY State of Health** को अवश्य रिपोर्ट करनी चाहिए। आपको अपने नए हेल्थ प्लान के लिए क्वालिफाइंग लाइफ इवेंट का प्रमाण देना पड़ सकता है।

मैं किस प्रोग्राम के लिए पात्र हूँ, यह कैसे पता करुँ ?

यह जानने के तीन आसान तरीके हैं कि क्या आप हेल्थ कवरेज के लिए पात्र हैं:

- **nystateofhealth.ny.gov** पर ऑनलाइन आवेदन करें
- **1-855-355-5777** पर ग्राहक सेवा केंद्र को कॉल करें
- किसी व्यक्तिगत **सहायताकर्मी से मिलें**

यहां पर ऑनलाइन
nystateofhealth.ny.gov

फ़ोन पर
1-855-355-5777

TTY
1-800-662-1220

किसी व्यक्तिगत सहायताकर्मी से मुलाकात करें

हम आपको नामांकन प्रक्रिया में हर प्रकार से मदद करेंगे, आपको बताएंगे कि किस प्रोग्राम के लिए आप पात्र हैं, और आप कब नामांकन कर सकते हैं।
आप जो भाषा बोलते है उसमे सहायता उपलब्ध है।